लखनऊ, मेरठ, गाजियाबाद एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक

प्रभात प्रकाशन का 73वां साल

प्रभात

सीधी बात सच्ची बात

सार संक्षेप

एक दीया श्रीराम के नाम

लखनऊ। विराम खण्ड.5 गोमतीनगर के जनकल्याण समिति व एल्डर्स हब के सदस्यों ने एक दीया श्रीराम जी के नाम पर तथा एक दीया शहीदों के लिए जलाकर दिवाली के त्योहार को हर्षोल्लास से मनाया। जनकल्याण समिति के सदस्यों ने प्रदेश वासियों को दिवाली की हार्दिक शुभकामना व बधाई दी तथा समृद्धि के पर्व दिवाली को भाईचारा और शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक धुआं पैदा करने वाले तथा तेज आवाज करने वाले पटाखों को न जलाने की अपील की। समिति के सदस्यों ने इस दिवाली पर एक अनूठी पहल की कि वे इस वर्ष वह पटाखे नहीं जलाएंगे और लोगों को ऐसा करने के लिये प्रेरित भी करेंगे जिससे जहरीली गैसए जो वातावरण में घुलकर जीव.जंतुं के जीवन को नुकसान पहुचा रही हैए उस पर किसी हद तक रोक लगाई जा सके।